एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# NHPC Limited
(A Government of India Enterprise)

फोन/Phone :

संदर्भ सं./Ref. No. NH/CS/199

दिनांक/Date: 22.09.2016

| | |
|---|---|
| Manager<br>The Listing Department,<br>**M/s BSE Limited**,<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street,<br>Mumbai-400001<br><br>मैनेजर, लिस्टिंग विभाग,<br>बीएसई लिमिटेड<br>पि.जे. टावर्स,दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई- 400 001<br>**Scrip Code: 533098** | General Manager<br>The Listing Department<br>**M/s National Stock Exchange of India Limited,**<br>Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai- 400051<br><br>महाप्रबंधक, लिस्टिंग विभाग,<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई),<br>मुंबई - 400 051<br>**Scrip Code: NHPC EQ** |

**Sub: Chairman's statement at the 40th Annual General Meeting**
विषय: **40 वीं वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष के बयान |**

Sirs/महोदय,

This is to inform that the 40th Annual General Meeting of NHPC Limited held today i.e. 22nd September, 2016 at 11:00 A.M. at MCF Auditorium, NIT, Near B.K. Chowk, Faridabad, Haryana – 121 001. The chairman's statement delivered at the above Annual General Meeting of the Company is enclosed for your information and records.

It is requested to kindly disseminate the same on your websites.

आप को यह सूचित किया जाता है कि एनएचपीसी लिमिटेड की 40वीं वार्षिक आम बैठक आज यानी दिनांक 22 सितंबर 2016 को सुबह 11:00 बजे से एम. सी. एफ. ऑडिटोरियम, बीके चौक के नजदीक, फरीदाबाद हरियाणा -121001 में हुई| 40वी वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष द्वारा दी गयी statement कि प्रति आपकी जानकारी और रिकॉर्ड के लिए संलग्न. है।

कृपया यह सूचना अपनी वैबसाइट पर प्रसारित करें |

धन्यवाद,

भवदीय

(विजय गुप्ता)
कंपनी सचिव

एनएचपीसी
NHPC
NHPC Limited
(A Government of India Enterprise)

# Chairman's Statement



## 40th Annual General Meeting

**Dear Valued Shareholders,**

On behalf of the Board of Directors, I welcome you all to the 40th Annual General Meeting of your company. Today's AGM is a very special event and an important personal milestone as for the first time I am addressing you all as Chairman and Managing Director of NHPC. It has indeed been an extremely enriching and rewarding experience so far since I took over the reins of your company in September 2015. The last Financial Year has been tough at times testing our skills and commitment to the maximum. A multi-leveled plan was executed that aimed at shaping your company into a lean, fit and dynamic organization. Stress has been made on decision making, flexibility and independence across hierarchy that would cut-short delays and produce quick results. We have streamlined many processes and monitor all systems on real–time basis that ensure greater control and transparency.

I feel privileged to be at the helm of affairs at a time where NHPC is evolving as a more diverse organization while successfully maintaining its strong position in that field of hydropower. Your company today stands at crossroads where it is exploring new fields of renewable energy and also foraying into thermal thereby moving towards newer avenues of growth.

It had been a strong personal resolve to raise NHPC's stature as an exemplary company that not only produces excellent results but also stands out for its overall professionalism and values. I am proud to inform that your continued trust, encouragement and fair criticism has given me the energy, enthusiasm, confidence and motivation to steer your company towards a path of growth and development. The strong commitment and technical competence of our skilled workforce have been instrumental in producing excellent numbers both in terms of generation and plant availability factor. FY 2015-16 has indeed been a breakthrough year for your company.

You will be delighted to know that for the first time in its history your company has crossed the milestone of 5000 MW installed capacity on standalone basis and is steadily closing in towards becoming a 7000 MW company on a consolidated basis. Your company's substantial improvement upon its net profit and sales are truly reflective of the robust financial health of your company.

Your company continues to maintain its premier position in the field of hydropower having strong market recognition both domestically and internationally. The incorporation of best practices of Corporate Governance coupled with a sensitized outlook towards fulfilling its social responsibilities has further cemented the excellent repute of your company. I trust by now, you would have received and reviewed the Annual Report for the year 2015-16. With your kind permission, I take it as read. I now take the privilege of reviewing the business highlights of your company for financial year 2015-16 and also share its outlook for the future.

### Performance Highlights

- Profits increased to ₹ 2,440.14 crore as against ₹ 2,124.47 crore of the last year.
- Generated 23683 MUs of electricity against 22,000 MUs committed for "Excellent" rating under Memorandum of Understanding signed with Ministry of Power, Govt. of India.
- Achievement of Plant Availability Factor (PAF) at 81.6% against the target of 78.5% for 'Excellent' rating under MOU with Ministry of Power, Govt. of India.
- Sales realization stood at ₹ 8,031 crore.
- Your company added 80 MW to its installed capacity during the year with commissioning of Unit I & II (40 MW each) of Teesta Low Dam-IV Project (40 MW X 4), in West Bengal. The remaining two units have also been commissioned and the project has been declared Power Station during the current financial year.

Your company's formidable track record for over four decades has been an enabler in forging of strategic ties towards business development both for execution of new projects and providing of consultancy services. In this direction, a Memorandum of Understanding (MoU) was signed with Government of Kerala for the development of a 72 MW (±10%) capacity of Wind Power Project at Agali site, Palakkad District in the State of Kerala. A MoU has also been signed with Solar Energy Corporation of India (SECI) on 30th November 2015 for development of 250 MW solar power projects in India. Your Company has also signed an agreement with Teesta Urja Limited (TUL), to provide consultancy services for Project Construction Management for 1,200 MW Teesta Stage-III H.E. Project, Sikkim. Your Company is in active dialogue with Druk Green Power Corporation Limited, Bhutan for development of 770 MW H.E. project in Bhutan.

Your company is a shining example to testify the renowned saying 'Success is not final, failure is not fatal; it is the courage to continue that counts.' Apart from regularly facing the vagaries of nature that are inherent in hydropower development, your company has faced catastrophic situations head on and has emerged stronger than before. I feel proud to inform that the Uri-II Power Station (60 MW X 4), which was under complete shutdown since 20th November 2014 due to major fire, has been fully restored and achieved its annual design energy (1,124 MU) and normative annual plant availability factor (55%). We have also

managed to restart the Tunnel Boring Machine at 800 MW Parbati-II Project and successfully traversed the shear zone where the machine was stuck. The project is targeted for commissioning by December 2018. The Company is also in constant touch with Central Govt., State Govt. of Assam and all stakeholders for resumption of the construction activities at 2000 MW Subansiri Lower Project.

## Dividend

The dividend of ₹ 1.50 per equity share (excluding dividend tax) for the year 2015-16 is the highest dividend recommended till date which further reiterates the strong business fundamentals of your company. The dividend amount is inclusive of an interim dividend of ₹ 0.92 per equity share paid in March, 2016. The total dividend payout will be ₹ 1,660.60 crore which is 68.05% of the profit after tax.

## Corporate Governance

Your Company's philosophy of Corporate Governance stems from its belief that the spirit of good governance is the key to maintaining the trust that our investors and customers place in us. Your company firmly believes in holding highest standards of transparency, accountability, ethical business practices, compliance of law in true letter and spirit, adequate disclosures, corporate fairness, social responsiveness and commitment to the organization to meet stakeholders as well as societal aspirations. The same is also reflected in the proactive approach of your company in adopting Corporate Governance practices. Your Company has been broadly complying with the requirements of Corporate Governance as stipulated in the Companies Act, 2013, SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015 and DPE Guidelines on Corporate Governance and has aligned its Corporate Governance Philosophy to its corporate structure, conduct of business and disclosure practices.

## Corporate Social Responsibility and Sustainability

Your company is highly conscious towards managing its ethical and social responsibilities and in supporting the communities that come within its ambit. Your company aims at addressing all social, economical and environmental concerns of its stakeholders including the communities in which we operate those directly impacted by its operations and activities. In doing so, your Company is striving to build a better sustainable way of life for the underprivileged sections of society and raise the country's human index. During the year, your Company had spent ₹ 72.68 crore on various Corporate Social Responsibility and Sustainable Development activities. Your Company had also actively participated in "Swachh Vidyalaya Abhiyaan" and constructed 7045 toilets in various parts of the country and has undertaken various initiatives in providing medical, educational, sports facilities etc. in remote locations of the country.

## Outlook – The way forward

In a rapidly changing business environment, it becomes inevitable to move along ahead with changing environment and set higher international standards for ourselves. Your company has emerged as the largest hydropower player in the central sector which possesses world class expertise, technology and manpower of execution of hydropower projects. We have realized the importance of using adaptability as competitive advantage and are strategically foraying into other energy sectors like Thermal, Solar and Wind in order to expand its business horizons. Diversification will help your company meet the energy deficit being faced by the Country and to contribute in the "Power for All" initiative of Govt. of India.

Presently, your company is engaged in construction of three hydroelectric projects namely Kishanganga, Parbati-II and Subansiri Lower having an aggregate installed capacity of 3,130 MW. Further, clearances for five prospective projects having planned capacity of 4,995 MW is under process.

You will be happy to know that the 50 MW wind power project in the Jaisalmer District of Rajasthan is nearing completion and will be commissioned after signing of PPA with Rajasthan Discoms. Your Company is also envisaging development of one 50 MW solar power project in Uttar Pradesh and four hydroelectric projects namely Kiru, Kwar and Pakal Dul in Jammu & Kashmir (2,164 MW) and Chamkharchhu – I (770 MW) in Bhutan respectively through Joint Venture Companies.

## Conclusion

Your company continues its Corporate Mission of achieving international standards of excellence in development of power through conventional and non-conventional sources and diversified business. Today we are facing changing times in the Indian Power Sector scenario where emphasis is increasingly being focused on renewable energy with the aim of making India energy independent. Thus it becomes vital for all of us to focus our energies into the development of the company with renewed vigour and resolve.

I place on record the invaluable support, guidance and encouragement received from Ministry of Power, Government of India. I also acknowledge the faith reposed on the company by all its stakeholders which includes Ministries, Authorities and Agencies of the Union Government, the State Governments, esteemed shareholders and our respectable customers. I extend my sincerest appreciation to all NHPC employees for their dedication and hard work.

On behalf of the Board of Directors, I express my gratitude to all shareholders for their continued support and their faith in the company. I look forward to a long and fruitful association between the company and all its shareholders in the future.

Jai Hind.

**(K.M. Singh)**
**Chairman and Managing Director**
**DIN 02223301**

**Place: Faridabad**

**Date: 22nd September, 2016**

NOTE : This does not purport to be a record of the proceedings of the Annual General Meeting.

एनएचपीसी
NHPC
**एनएचपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)

# अध्यक्षीय वक्तव्य



## 40 वीं वार्षिक आम बैठक

**प्रिय शेयरधारकों,**

मैं निदेशक मण्डल की ओर से आपकी कंपनी की 40वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूँ। आज की वार्षिक आम बैठक विशेष बैठक है और व्यक्तिगत रूप से भी इसका मेरे लिए विशेष महत्व है क्योंकि अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में आप सभी को संबोधित करने का मेरे लिए यह पहला अवसर है। सितंबर, 2015 से आपकी कंपनी के शीर्षस्थ पद पर कार्य करने का अब तक का मेरा अनुभव बहुत शानदार रहा है। काफी मुश्किलों से भरा होने के कारण विगत वित्त वर्ष हमारे धैर्य और प्रतिबद्धता की परीक्षा का साल रहा है। इसलिए एक बहुस्तरीय योजना को अमल में लाया गया ताकि आपकी कंपनी चुस्त–दुरुस्त और बहुआयामी बनी रहे। निगम के समस्त पदक्रम में निर्णय लेने, लचीलेपन और स्वतंत्रता पर जोर दिया गया है जिससे विभिन्न स्तरों पर हो रहे विलंबों को रोक कर त्वरित परिणाम प्रस्तुत किए जा सकें। हमने बेहतर नियत्रंण और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए अधिकांश प्रक्रियाओं को सरलीकृत एवं सभी प्रणालियों को वास्तविक समयाधार पर मॉनिटर किया है।

मैं ऐसे समय में कंपनी के शीर्ष पद पर अपने को पाकर सौभाग्यशाली मानता हूँ जब एनएचपीसी जलविद्युत के क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति को कायम रखते हुए एक बहुविध संस्था के रूप में विकसित हो रही है। आपकी कंपनी आज उस चौराहे पर खड़ी है जहां वह नवीकरणीय ऊर्जा के समन्वेषण के साथ–साथ तापीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रवेश कर तरक्की के नए अवसरों की ओर बढ़ रही है।

मेरा यह निजी दृढ़ संकल्प रहा है कि मैं एनएचपीसी को ऐसी अनुकरणीय कंपनी, जो न केवल शानदार परिणाम देने वाली कंपनी हो, अपितु एक ऐसी कंपनी के रूप में स्थापित कर सकूं जो समग्र व्यावसायिकता और मूल्यों पर खरी उतरती हो। आपको सूचित करते हुए मैं गौरवान्वित अनुभव करता हूँ कि आपके सतत् विश्वास, प्रोत्साहन और न्यायोचित समालोचना ने मुझे आपकी कंपनी को विकास और प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए ऊर्जा, उत्साह, आत्मबल और प्रेरणा प्रदान किया है। हमारे कुशल कार्यबल की तकनीकी सक्षमता और प्रतिबद्धता के कारण ही हम विद्युत उत्पादन और प्लांट उपलब्धता कारक दोनों ही क्षेत्रों में उत्कृष्ट परिणाम देने में सफल रहे हैं। वस्तुतः वित्त वर्ष 2015–16 आपकी कंपनी के लिए महत्वपूर्ण वर्ष रहा है।

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपकी कंपनी ने अपने इतिहास में पहली बार एकल आधार पर 5000 मेगावाट संस्थापित क्षमता को पार कर नया कीर्तिमान बनाया है और अब हम 7000 मेगावाट संस्थापित क्षमता की कंपनी बनने की राह में अग्रसर है। निवल लाभ और बिक्रियों की दृष्टि से आपकी कंपनी की ठोस प्रगति कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति को ही रेखांकित करती है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर सुदृढ़ पहचान बनाते हुए आपकी कंपनी ने जलविद्युत के क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को कायम रखा है। अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा करने के प्रति संवेदनशील रवैए के साथ कॉरपोरेट अभिशासन की श्रेष्ठतम पद्धतियों को समाहित करते हुए आपकी कंपनी ने अपनी प्रतिष्ठा को नया आयाम दिया है। मुझे विश्वास है कि अब तक आपको वर्ष 2015–16 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट मिल गई होगी और आपने इसकी समीक्षा भी कर ली होगी। आपकी अनुमति से मैं इसे पढ़ा हुआ मान लेता हूँ। मैं इस अवसर का लाभ उठाते हुए वर्ष 2015–16 के लिए आपकी कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियों की समीक्षा के साथ–साथ इसके भावी दृष्टिकोण को भी प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ।

### निष्पादन समीक्षा

- इस वर्ष का लाभ गत वर्ष के लाभ 2,124.47 करोड़ रुपए की तुलना में 2,440.14 करोड़ रुपए हो गया है।
- 22000 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन के लक्ष्य की तुलना में 23683 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत 'उत्कृष्ट' श्रेणी प्राप्त करने के प्रति कटिबद्ध है।
- 78.5% के लक्ष्य की तुलना में 81.6% प्लांट उपलब्धता कारक की प्राप्ति कर विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत 'उत्कृष्ट' श्रेणी प्राप्त करने के प्रति कटिबद्ध है।
- बिक्री उपलब्धि 8,031 करोड़ रुपए रही है।
- तीस्ता लो डैम–IV परियोजना (40 मेगावाट X 4), पश्चिम बंगाल की दो इकाइयों (40 मेगावाट प्रति इकाई) को वर्ष के दौरान कमीशन कर आपकी कंपनी ने संस्थापित समग्र क्षमता में 80 मेगावाट की बढ़ोत्तरी की है। शेष दो इकाइयों को भी कमीशन कर दिया गया है और इस परियोजना को चालू वित्त वर्ष के दौरान पावर स्टेशन घोषित कर दिया गया है।

पिछले चार दशकों के दौरान आपकी कंपनी के शानदार प्रदर्शन के कारण ही हम नई परियोजनाओं के कार्यान्वयन और परामर्शी सेवाएं प्रदान करने के दोनों व्यावसायिक क्षेत्रों के विकास के लिए नए गठबंधन बनाने में सफल रहे हैं। इसी दिशा में अगाली, जिला–पलक्कड, केरल में 72 मेगावाट (±10%) क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना के विकास के लिए केरल की राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत में 250 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं विकसित करने के लिए सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ भी 30 नवंबर, 2015 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अतिरिक्त आपकी कंपनी ने 1200 मेगावाट तीस्ता चरण–III जलविद्युत परियोजना, सिक्किम के परियोजना निर्माण प्रबंधन को परामर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए तीस्ता ऊर्जा लिमिटेड (टीयूएल) के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आपकी कंपनी भूटान में 770 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना के विकास के लिए ड्रुकग्रीन पावर कारपोरेशन लिमिटेड, भूटान के साथ निरंतर संपर्क में है।

आपकी कंपनी इस कहावत का स्वर्णिम उदाहरण है और उसे चरितार्थ भी करती है कि 'सफलता और असफलता ही अंतिम मंजिल नहीं, जीवन में निरंतर प्रयास करना ही महत्वपूर्ण है।' जलविद्युत के क्षेत्र में प्रकृति के प्रकोप से सामना जब–तब होना स्वाभाविक ही है, आपकी कंपनी तो प्रकृति प्रदत्त विध्वंस को झेलकर और अधिक सशक्त होकर उभरी है। आपको सूचित करते हुए मुझे गर्वानुभूति हो रही है कि उड़ी–II पावर स्टेशन (60 मेगावाट X 4), जोकि भीषण अग्निकांड के कारण 20 नवबंर, 2014 से पूरी तरह ठप्प हो गया था, अब उसे पूरी तरह पुनः चालू कर दिया गया है और इस पावर स्टेशन ने अपनी वार्षिक

डिजाइन एनर्जी (1,124 मिलियन यूनिट) और वार्षिक मानकीय प्लांट उपलब्धता कारक (55%) का लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया है। हम 800 मेगावाट क्षमता की पार्बती–II परियोजना में टनल बोरिंग मशीन को पुनः प्रारंभ करने में भी कामयाब रहे हैं और शियर जोन, जहां मशीन फंसी हुई थी, को भी सफलतापूर्वक अनुप्रस्थ कर दिया गया है। इस परियोजना को दिसंबर, 2018 में कमीशन करने का लक्ष्य है। कंपनी 2000 मेगावाट क्षमता के सुबनसिरि लोअर परियोजना के निर्माण कार्य को पुनर्रारम्भ करने के लिए केंद्र सरकार, असम की राज्य सरकार और अन्य हितधारकों के साथ निरंतर संपर्क में है।

## लाभांश

वर्ष 2015–16 के लिए 1.50 रुपए प्रति शेयर (लाभांश कर छोड़कर) का लाभांश आज तक का सिफारिश किया गया सबसे अधिक लाभांश है, जो यह दर्शाता है कि आपकी कंपनी की व्यापारिक नींव कितनी मजबूत है। इस लाभांश राशि में मार्च, 2016 में भुगतान किए गए 0.92 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का अंतरिम लाभांश भी शामिल है। कुल लाभांश का भुगतान 1,660.60 करोड़ रुपए रहेगा जो कर पश्चात् लाभ का 68.05% है।

## कारपोरेट अभिशासन

आपकी कंपनी के कारपोरेट अभिशासन की धारणा हमारे निवेशक और उपभोक्ताओं के हम पर किए गए विश्वास को कायम रखने को ही श्रेष्ठ अभिशासन की कुंजी मानने के विचार से पैदा होती है। आपकी कंपनी शेयर धारकों के साथ–साथ सामाजिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, पारदर्शिता, जवाबदेही, नीतिपरक व्यावसायिक आचरण, विधि के अक्षरशः अनुपालन, समुचित प्रकटीकरण, कारपोरेट निष्पक्षता, सामाजिक जवाबदेही और संगठन के प्रति वचनबद्धता के सर्वोच्च मानकों में दृढ़ विश्वास रखती है। कारपोरेट अभिशासन पद्धतियों को सक्रिय दृष्टिकोण से अपनाने से भी यही परिलक्षित होता है। यह आपकी कंपनी के सक्रिय दृष्टिकोण में भी परिलक्षित होता है। आपकी कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013, सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 में निर्धारित कारपोरेट अभिशासन अपेक्षाओं और सार्वजनिक उपक्रम विभाग (डीपीई) की कारपोरेट अभिशासन संबंधी दिशानिर्देश का अनुपालन किया गया है। आपकी कंपनी ने अपने कारपोरेट अभिशासन धारणा को अपने कारपोरेट संरचना, व्यवसाय संबंधी आचरण एवं प्रकटीकरण प्रणाली में भी अपनाया है।

## कारपोरेट सामाजिक दायित्व एवं स्थिरता

आपकी कंपनी अपने नीतिगत और सामाजिक जिम्मेदारियों तथा इसकी परिधि में आने वाले समुदायों को अवलंब देने के प्रति बहुत सचेत है। आपकी कंपनी अपने हितधारकों, उन समुदायों सहित जो हमारे प्रचालन, परिचालनों और गतिविधियों से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते हैं, के सभी सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण संबंधी आशंकाओं का निराकरण करना अपना उद्देश्य मानती है। ऐसा करते हुए कंपनी समाज के शोषित तबके के लिए जीवन का एक बेहतर और स्थायी तरीका प्रदान कर रही है और देश के मानव सूचकांक को ऊंचा उठाने के लिए प्रयास कर रही है। वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने विभिन्न कारपोरेट सामाजिक दायित्वों एवं सतत विकास संबंधी गतिविधियों पर 72.68 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। आपकी कंपनी ने 'स्वच्छ विद्यालय अभियान' में सक्रिय रूप से भाग लिया है और देश के विभिन्न हिस्सों में 7045 शौचालयों का निर्माण किया है। आपकी कंपनी ने देश के दूर–दराज के क्षेत्रों में चिकित्सा, शिक्षा, खेल सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं।

## भावी संभावनाएं

तीव्रता से बदलते व्यावसायिक वातावरण में बदलते परिवेश के साथ आगे चलना और स्वयं के लिए उच्चतर अंतर्राष्ट्रीय मानक निर्धारित करना अनिवार्य हो जाता है। आपकी कंपनी केन्द्रीय क्षेत्र में सबसे बड़ी जलविद्युत उत्पादक कंपनी के रूप में उभर कर सामने आई है, जिसके पास जलविद्युत परियोजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए विश्वस्तरीय तकनीक, मानवशक्ति और विशेषज्ञता है। प्रतिस्पर्धी दौर का लाभ लेने के लिए हमें अनुकूल क्षमता के प्रयोग के महत्व का एहसास हो गया है। आपकी कंपनी अपने व्यावसायिक क्षेत्र का विस्तार करने के लिए थर्मल, सौर, पवन जैसे अन्य ऊर्जा क्षेत्रों में रणनीतिक पदार्पण कर रही है। आपकी कंपनी इस वर्ष विविधीकरण से देश के समक्ष आ रही ऊर्जा की कमी को पूरा करने में सहायता करेगी और भारत सरकार की पहल 'सभी के लिए ऊर्जा' में योगदान करेगी।

वर्तमान में, आपकी कंपनी 3130 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता वाली तीन जलविद्युत परियोजनाओं नामतः किशनगंगा, पार्बती–II और सुबनसिरि लोअर के निर्माण कार्य में लगी हुई है। इसके अतिरिक्त 4995 मेगावाट की क्षमता वाली पांच भावी परियोजनाओं की मंजूरी प्रक्रियाधीन है।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि राजस्थान के जिला जैसलमेर में 50 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना पूरी होने वाली है और राजस्थान डिस्कम्स के साथ पीपीए पर हस्ताक्षर होने के पश्चात् यह परियोजना कमीशन की जाएगी। आपकी कंपनी ने उत्तर प्रदेश में 50 मेगावाट क्षमता की एक सौर ऊर्जा परियोजना और संयुक्त उद्यम कंपनी के माध्यम से चार जलविद्युत परियोजनाएं नामतः जम्मू व कश्मीर में कीरू, क्वार व पकलदुल (2164 मेगावाट) और भूटान में चमखारचू–I (770 मेगावाट) परियोजना के विकास की परिकल्पना की है।

## आभार

आपकी कंपनी पारंपरिक व गैर पारंपरिक स्रोतों और बहुविधि व्यवसाय के माध्यम से विद्युत विकास में अंतरराष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्टता प्राप्त करने में निगम के लक्ष्य को बनाए रखती है। आज हम भारतीय विद्युत क्षेत्र के परिदृश्य में चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रहे हैं, जहां भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के उद्देश्य के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। इसलिए सभी के लिए यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि उत्साह और संकल्प के साथ कंपनी के विकास में ध्यान केंद्रित करें।

मैं विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गए मूल्यवान सहायता, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए आभारी हूं। मैं अपने सभी शेयरधारकों, मंत्रालयों, संघ सरकार के प्राधिकारी और एजेंसियों, राज्य सरकारों, माननीय शेयर धारकों और अपने सम्मानीय ग्राहकों को कंपनी पर विश्वास बनाए रखने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं एनएचपीसी के सभी कार्मिकों को कंपनी के प्रति कठिन परिश्रम करने के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं।

मैं, निदेशक मण्डल की ओर से सभी शेयरधारकों का निरंतर सहयोग और कंपनी पर विश्वास बनाए रखने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं आशा करता हूं कि भविष्य में भी कंपनी और कंपनी के सभी शेयर धारकों के बीच लम्बे समय तक उपयोगी एवं सहयोगी संबंध बना रहेगा।

जय हिंद

के एम सिंह

**(के.एम.सिंह)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
**डीआईएनः 02223301**

**स्थानः फरीदाबाद**
**दिनांकः 22 सितंबर, 2016**

---

नोट : इसका अभिप्राय वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही का रिकार्ड नहीं है।